नईदुनिया

एम्स में नई पहलः नवस्थापित केंद्र का टाटा मेमोरियल के निदेशक ने किया दौरा

कैंसर शिक्षा व रोगी सशक्तिकरण केंद्र विकसित

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल में नवस्थापित कैंसर शिक्षा एवं रोगी सशक्तिकरण केंद्र का टाटा मेमोरियल अस्पताल मुंबई के निदेशक डॉ पंकज चतुर्वेदी और प्रोफेसर एमेरिटस पैथोलॉजी डॉ सुमित गुजराल ने दौरा किया। यह पहल कैंसर रोगियों की शिक्षा, परामर्श, वित्तीय मार्गदर्शन और सामाजिक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

यह केंद्र प्रोफेसर माधवानंद कर के नेतृत्व में स्थापित किया गया है और इसका उद्देश्य मरीजों तथा उनके परिजनों को उपचार प्रक्रिया, रोकथाम, प्रारंभिक पहचान, पुनर्वास, पोषण और सहायक देखभाल से जुड़ी वैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध कराना है। साथ ही यह कैंसर से जुड़े सामाजिक कलंक को कम करने और जागरूकता बढ़ाने पर भी काम करेगा। डॉ पंकज चतुर्वेदी ने कहा कि कैंसर उपचार केवल चिकित्सा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें मरीज और परिवार को सही जानकारी देना और उन्हें सशक्त बनाना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह केंद्र रोगी केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसे देशभर में मॉडल के रूप में अपनाया जा सकता है।

केंद्र के माध्यम से मरीजों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, बीमा लाभों और वित्तीय सहायता कार्यक्रमों की जानकारी भी दी जाएगी। इसके साथ ही यह सुविधा स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए शोध और अनुभव आधारित अध्ययन का मंच भी बनेगी।

प्रोफेसर माधवानंद कर ने कहा कि संस्थान का लक्ष्य मरीजों को केवल उपचार ही नहीं बल्कि आत्मविश्वास और जानकारी के माध्यम से सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि यह पहल धीरे धीरे अन्य विभागों तक भी विस्तारित की जाएगी।

यह केंद्र कैंसर रोगियों, देखभाल करने वालों और स्वास्थ्य कर्मियों के अनुभवों का अध्ययन कर स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने में योगदान देगा और मध्य भारत में कैंसर देखभाल को नई दिशा प्रदान करेगा।

टिकट जांच स्टाफ की संवेदनशीलता से महिला यात्री को मिली सुरक्षित यात्रा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मंडल में यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी क्रम में बुधवार को गाड़ी संख्या 20805 विशाखापत्तनम-नई दिल्ली एक्सप्रेस में नागपुर से भोपाल तक यात्रा कर रही एक महिला यात्री को टिकट जांच स्टाफ की तत्परता एवं मानवीय संवेदनशीलता के कारण सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की गई।

यात्रा के दौरान महिला यात्री ने अपने ससुराल पक्ष से जान-माल के खतरे की आशंका व्यक्त करते हुए सहायता का अनुरोध किया। मामले की गंभीरता को समझते हुए टिकट जांच स्टाफ कैलाश रैकवार एवं अविनाश डोंगरे ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए आवश्यक सुरक्षा उपाय किए।

यात्री की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उसकी सीट को सुरक्षित एवं उपयुक्त स्थान पर परिवर्तित किया गया तथा पूरी यात्रा के दौरान उस पर विशेष निगरानी रखी गई।

दोनों कर्मचारियों ने समन्वित प्रयासों, संवेदनशील व्यवहार एवं उच्च स्तर की कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए महिला यात्री को भोपाल स्टेशन तक सकुशल एवं सुरक्षित पहुँचाया। उनकी सतर्कता के कारण यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई।

कैलाश रैकवार एवं अविनाश डोंगरे द्वारा प्रदर्शित तत्परता, मानवीय दृष्टिकोण तथा यात्री सुरक्षा के प्रति समर्पण भारतीय रेल की सेवा भावना एवं यात्रियों के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उनके इस सराहनीय कार्य की रेल प्रशासन द्वारा प्रशंसा की गई है।

बच्चों के लिए योग- ध्यान कार्यशाला

योग और रचनात्मक गतिविधियों से बच्चों को मिला जीवन संदेश

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल में बारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए विशेष योग, ध्यान और रचनात्मक गतिविधि कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शरीर क्रिया विज्ञान विभाग द्वारा आयुष ब्लॉक में आयोजित किया गया, जिसमें संस्थान के कर्मचारियों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में योग, ध्यान, भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यशाला में योग अभ्यास, ध्यान सत्र, कहानी वाचन, समूह गतिविधियाँ और चित्रकला जैसी रचनात्मक गतिविधियाँ कराई गईं।

कार्यक्रम का संचालन कार्यपालक निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रोफेसर माधवानंद कर के संरक्षण में किया गया। उपनिदेशक प्रशासन संदीप कुमार जैन ने बच्चों से संवाद कर उन्हें योग और स्वस्थ जीवन के महत्व के बारे में प्रेरित किया।

शरीर क्रिया विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ रुचि सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों और स्वयंसेवकों ने बच्चों को विभिन्न अभ्यासों का प्रशिक्षण दिया। योग विद्या और जीवन मूल्यों पर आधारित इस पहल का उद्देश्य बच्चों में एकाग्रता, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करना रहा।

नाटक 'द कॉकेशियन चॉक सर्कल' का मंचन 13 को

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः रविंद्र भवन में 13 जून को शाम 7 बजे विश्वप्रसिद्ध नाटक 'द कॉकेशियन चॉक सर्कल' का मंचन किया जाएगा। रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय स्थित टैगोर नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के एम.ए. ड्रामेटिक्स प्रथम वर्ष के छात्र इस नाट्य प्रस्तुति को मंच पर जीवंत करेंगे। जर्मन नाटककार बर्टोल्ट ब्रेख्त की चर्चित कृति पर आधारित इस नाटक का निर्देशन रंगकर्मी अविजीत सोलंकी द्वारा किया जा रहा है। दर्शकों के लिए इस सांस्कृतिक प्रस्तुति में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।

'द कॉकेशियन चॉक सर्कल' विश्व रंगमंच की सबसे महत्वपूर्ण और चर्चित कृतियों में से एक मानी जाती है। यह नाटक न्याय, मानवता, संवेदनशीलता और मातृत्व जैसे सार्वभौमिक विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करता है। इसकी कथा एक ऐसे बच्चे के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी देखभाल करने वाली महिला और उसकी जैविक मां के बीच अधिकार को लेकर विवाद उत्पन्न होता है। अंततः एक बुद्धिमान न्यायाधीश ऐसा निर्णय देता है जो यह संदेश स्थापित करता है कि किसी व्यक्ति या वस्तु पर वास्तविक अधिकार उसी का होना चाहिए, जो उसकी सच्चे मन से देखभाल और संरक्षण करता है। रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की प्रो-चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स ने कहा, 'टैगोर नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा विद्यार्थियों को केवल अभिनय की तकनीक ही नहीं, बल्कि रंगमंच की सामाजिक और मानवीय संवेदनाओं से भी जोड़ता है। विश्वप्रसिद्ध नाटक का मंचन विद्यार्थियों के लिए सीखने का अवसर है। यह प्रस्तुति दर्शकों को उत्कृष्ट रंगमंचीय अनुभव प्रदान करेगी। न्याय, संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों पर सार्थक संवाद को प्रेरित करेगी।

मध्य रेल

खुली निविदा संख्या- मरेप्र (कार्य)
नागपुर-65-2026 दिनांक 06.06.2026

कार्य का नामः आमला स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 4 पर स्टैण्डर्ड कैरेज वाटरिंग पाइपलाइन स्थापित करने का कार्य। **अनुमानित लागतः** रु. 7779552.69। **बयाना राशीः** रु. 155600.00। **निविदा बंद होने की तिथिः** दिनांक 29.06.2026 को 15.00 बजे। विस्तृत जानकारी एवं ई-टेंडरिंग सूचना एवं ऑन लाइन भाग लेने रेल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।

EXP/42/263 *म. रे. प्र. (कार्य), नागपुर*

रेलमदद हेल्पलाईन 139

CHANGE OF NAME

Before Marriage My name Was HANSA SITLANI D/O OM PRAKASH SITLANI. After Marriage My name changed From HANSA SITLANI TO ANJALI SAHITA W/O GAUTAM SAHITA. Resident H.no.170, Neelkanth Colony, Idgah Hills Bhopal (M.P.) 462001 Now I will be known by my new name ANJALI SAHITA W/O GAUTAM SAHITA in all Government & Non Government Official documents.

583

कार्यालय तहसीलदार नजूल वृत्त गोविंदपुरा भोपाल

प्रकरण क्रमांक 1569/अ-6/2025-26

आम सूचना

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि आवेदिका मृदुल मिश्रा पत्नि एस.के. मिश्रा एवं श्रीमती शोभा मिश्रा पत्नि श्री मृदुल मिश्रा निवासी-भोपाल द्वारा म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र के साथ रजिस्टर्ड विक्रय पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर ग्राम नरेलाशंकरी स्थित खसरा क्रमांक 148/1/1/1/1 के अशंभाग रकवा 1456 वर्गफिट का फौती नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतएवं एतद् द्वारा सर्वसाधारण सूचित किया जाता है। कि यदि इस संबध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति 07 दिवस मेंस्वय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि बीत जाने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

तहसीलदार
नजूल वृत गोविंदपुरा भोपाल

584

रुचि लाईफस्केप्स अपार्टमेंट रहवासी रखरखाव सहकारी समिति मर्यादित भोपाल

वार्षिक साधारण सभा की सूचना

सर्व संबंधित कृपया अवगत हो कि समिति की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन दिनांक 28.06.2026 को स्थान क्लब हाउस एक्टिव, रुचि लाईफस्केप्स, जाटखेडी, भोपाल समय प्रातः 11:00 बजे किया जा रहा है। बैठक का एजेण्डा निम्नानुसार है-1. अध्यक्ष द्वारा स्वागत उद्बोधन, 2. गत वार्षिक साधारण सभा की कार्यवाही की पुष्टि करना। 3. समिति का वर्ष 2025-26 का आय-व्यय का व्यौरा। संपरीक्षा रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण एवं अनुपालन प्रतिवेदन। 4. वर्ष 2026-27 के लिये अनुमानित बजट। 5. समिति द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यों का संक्षिप्त विवरण। 6. बिल्डर की ओर से लंबित कार्यों की वर्तमान स्थिति। 7. समिति के नियमों उपनियमों एवं रहवासी नीति में नए प्रावधान एवं संशोधन। 8. समिति के नियम उपनियम का सदस्यों द्वारा अनुमोदन। समस्त सदस्यों की उपस्थिति अपेक्षित है।

सचिव
रुचि लाईफस्केप्स अपार्टमेंट रहवासी रखरखाव सहकारी समिति मर्यादित भोपाल

585

सूडोकु नवताल- 7808

कठिन

	8	5						
3								
			6			7	4	
6			2		4			
1								8
			7		5			3
	4	7			1			
								6
						5	2	

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -7807 का हल

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

4	3	9	2	6	8	5	1	7
8	1	6	7	4	5	9	2	3
7	5	2	3	9	1	6	4	8
1	7	5	4	2	6	8	3	9
6	4	3	8	5	9	2	7	1
2	9	8	1	7	3	4	5	6
5	2	1	6	8	7	3	9	4
9	8	7	5	3	4	1	6	2
3	6	4	9	1	2	7	8	5

काकुरो पहेली - 7481



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 7480 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8878



बाएँ से दाएँ

1. प्रार्थना, खुशामद-4
4. श्मशान, शवदाहगृह-4
6. भ्रमर, चक्र-3
8. कामदेव, सुंदर-3
9. चांदी-3
11. सितारा-2
13. राजकुमार, मनोज कुमार, वहीदा रहमान की फिल्म-5
15. हालात, तबियत-2
16. फिजूल, व्यर्थ-3
18. डिपो-3
19. गमन, विदा-3
20. झगड़ा, अनबन-4
22. लुंगी-4

ऊपर से नीचे

1. आलता, माहुर-4
2. घाटा, नुकसान-2
3. कमल, जलज-3
4. अभिष्ट इच्छा, चाह-5
5. टक्कर, मुठभेड़-4
7. रात्रि, निशा-3
10. जरूरतमंद-5
12. हाथी साधने वाला-4
14. तरंग, हिलोर-3
17. कसरत, परेड-4
18. विश्राम, राहत-3
21. मार्ग, पथ-2

शब्द पहेली -8877 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7320



ऊपर से नीचेः-

१. नसीर, शाहरूख, रीनाराय की फिल्म-३
२. 'एक लड़की हो गई राजी' गीत वाली राहुल राय, शीबा की फिल्म-३
३. जीतेंद्र, विश्वजीत, मुमताज की 'हमें तुमसे तुम्हें हमसे' गीत वाली फिल्म-३
४. 'एक हसीना थी एक' गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
५. किशोरकुमार, माला की 'प्यार का जहाँ हो छोटा सा' गीत वाली फिल्म-४
६. 'बेदर्दी बालमा तुझको मेरा मन' गीत वाली फिल्म-३
८. राज बब्बर, राजीव कपूर, डिम्पल की 'जीने दे ये दुनिया' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'अली अली मैं जोगन बन गई' गीत वाली अष्मित पटेल, मीरा की फिल्म-३
१२. सुनीलदत्त, रेखा की 'हाय मेरी मजबूर जवानी' गीत वाली फिल्म-२,३
१४. 'उंगली में अंगूठी' गीत वाली सनी, अनिल कपूर, श्रीदेवी की फिल्म-२,४
१६. गोविंदा, आदित्य, नीलम, मंदाकिनी की अजय कश्यप निर्देशित फिल्म-४
१७. 'सगरे जगत का इक' गीत वाली अमिताभ, हेमा मालिनी की फिल्म-३
२५. राजेश खन्ना, पूनम ढिल्लों की 'ऐसी हसीन चाँदनी' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'तू सामने जब आता है' गीत वाली फिल्म-३
२८. फिल्म 'मेहबूबा' में नायिका कौन थी-२
२९. रितिक रोशन, करिश्मा की फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
३. किरणकुमार, राधा सलूजा की 'दिल का नजराना ले ओ' गीत वाली फिल्म-३
६. 'आजा रे अब मेरा दिल पुकारा' गीत वाली राज कपूर, नर्गिस की फिल्म-२
७. राजेंद्रकुमार, शर्मिला की 'खाई है रेहमने कसम संग रहने' गीत वाली फिल्म-३
९. करण दीवान, स्वर्णलता की सुपरहिट फिल्म-३
११. गुरूदत्त, वहीदा की फिल्म-२
१२. फिल्म 'जीत' में सलमान का नाम-२
१३. अजय, सोनाली की 'तुम आए तो आया मुझे याद' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली करणनाथ, मनीषा, नतान्या सिंह की फिल्म-२
१६. सनी देओल, सुष्मिता की 'मैं अपना नाम भूला' गीत वाली फिल्म-२
१८. अजय, आफजाब, विवेक, रितेश, लारा, अमृताराव की फिल्म-२
१९. 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
२०. सचिन खेडेकर, तब्बू, स्मिता की अंडरवर्ल्ड पर बनी एक फिल्म-३
२१. 'फूलों से जो खुशबू आए' गीत वाली प्रशांत, ऐश्वर्या की फिल्म-३
२२. अक्षयकुमार, रवीना की 'क्यूं आँचल हमारा गिरा जा' गीत वाली फिल्म-२
२३. राजकुमार, शशि, साधना की फिल्म-२
२४. 'परदेसी तो हैं' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'दिल मेरे ना और इंतजार कर' गीत वाली शाहिद, करीना की फिल्म-२
३०. फिल्म 'रंगदे बसंती' के संगीतकार कौन थे ?-४
३१. 'दिल है छोटा सा छोटी सी आशा' गीत वाली फिल्म-२
३२. अभिषेक, उदय, जॉन, ईशा, रिमी सेन की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 7319

मु	सा	फि	र		प्या	र	ही	प्या	र
क्ति		जा	न	म		फ्ता		सी	
	प			ज	ह	र		शा	न
प्र	ति	ज्ञा		बू	म		उ	म	र
	ता		स	र		फू	ल		सि
सा		खौ	फ		न		ब्र		म्हा
व	क्त		र		म	ह्य	न	ता	
न		दी		नौ	क	र		ल	की
भा	ग्य	वा	न			जी	त		म
दो		ना		स	पू	त		भू	त

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 7414

7	4	5			6	1
	38		32		27	
	3		5	6		2
3	29	2	45	7	33	
1			7			4
	24	1	36	4	30	
6		4		2		3

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7413 का हल

5	1	3	6	7	2	4
6	34	6	33	1	33	7
7	5	1	3	6	4	2
1	29	2	31	4	31	5
2	4	7	5	3	6	1
3	30	4	37	5	33	6
4	1	5	6	2	7	3

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल- 8434

ख	न	र	कु	डु	प्ली	के	ट	ला	नी	क	
ज	या	फु	ज	इं	डो	ने	ह	क	गु	प	
फ	दौ	आ	ट	म	न	इ	दो	न	ना	म	
च	र	रा	मा	पा	ल	स	रा	प	ह	ह	
स	म	बा	ज	त	त	उ	हें	ख	री	म	
डै	जे	ज	र	नी	द	ला	म	ल	ड़	द	
डी	मा	दे	ख्म	व	बा	स	म	पी	ख	स्त	
र	दे	श	बा	र	प	र	थ	ड़	भ	क	
म	दि	ल	क	ले	दा	र	ल	क	थ	थ	
क्षि	ज	ति	त	हि	द	ह	मा	ह	ल	है	
ते	रा	जा	क	दि	प	ने	सा	थी	स	म	

शब्दजाल में महेश भट्ट निर्देशित १० फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं

फुटपात, राज, जख्म, डुप्लीकेट, दो राहें, दस्तक, गुनाह, साथी, डैडी, नया दौर,

शब्दजाल - 8433 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore